


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, गुरुवार, 26 मार्च-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 180 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# लॉरी से टकरा गयी बस

## जिंदा झुलसकर 14 की मौत, 18 से ज्यादा घायल

● घायलों में कई गंभीर, बढ़ सकती है मृतकों की संख्या

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मार्कपुरम जिले के रायवरम के पास गुरुवार को एक सड़क दुर्घटना हो गई। इस हादसे में स्लैब खदानों के पास एक निजी ट्रैवल बस की टिपर लॉरी से टक्कर हो गई, जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई। हादसे में कई लोगों के घायल होने की भी खबर है। हादसा स्लैब क्वारी के पास हुआ, जहां बस में आग लग गई और कई यात्री फंस गए। हाई स्पीड वाली बस ने बजरी ले जा रही टिपर से टकराते ही भयानक आग लग गई। बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। स्थानीय रिपोट्र्स के अनुसार कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य घायल हैं। आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंचीं और बचाव कार्य जारी है। पुलिस ने बताया कि कुछ यात्रियों



को मामूली चोटें आई हैं और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि अधिकारी आगे की जानकारी जुटाने में लगे हुए हैं। मार्कापुरम के डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (DSP) नागराजू ने 14 लोग जिंदा जल गए, और अब तक लगभग 18 घायल लोगों को बचाकर अस्पताल पहुंचाया गया है। बचाव दल पीड़ितों की पहचान करने और उनके रिश्तेदारों की जानकारी जुटाने का काम कर रहे हैं; सत्यापन पूरा होने के बाद उनके रिश्तेदारों को सूचित किया जाएगा। कुछ शव अभी भी बस के अंदर फंसे हुए हैं; दुर्घटना के बाद बस में आग लग गई थी, जिससे शवों को बाहर निकालने का काम मुश्किल हो गया है। इस बीच, मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने इस दुर्घटना पर गहरा सदमा व्यक्त किया और जान-माल के नुकसान पर दुःख जताया।

## मणिपुर में कुकी उग्रवादियों ने सेना पर चलायीं गोलियां



● चौकी पर बोला हमला

**नई दिल्ली।** गुरुवार को संदिग्ध हथियारबंद कुकी उग्रवादियों ने फौलजांग और गोथोल के पास गोलीबारी की, जिसका निशाना फौगाकचाओ अवांग लीकाई में स्थित भारतीय सेना की चौकी थी। मणिपुर पुलिस के अनुसार, 25 मार्च 2026 को सुबह 11:40 बजे हथियारबंद कुकी उग्रवादियों ने फौलजांग/गोथोल के इलाके में गोलीबारी की, जिसका निशाना फौगाकचाओ अवांग लीकाई में स्थित भारतीय सेना की चौकी थे। पुलिस ने आगे कहा कि भारतीय सेना और केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF) की 58वीं बटालियन ने जवाबी गोलीबारी करते हुए तुरंत प्रतिक्रिया दी, जिसके वजह से लगभग 30 मिनट तक दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी चलती रही। मणिपुर पुलिस ने आगे कहा, '26 मार्च 2026 की सुबह से ही, भारतीय सेना, सीआरपीएफ, मणिपुर पुलिस और भारतीय रिजर्व बटालियन (IRB) द्वारा उस सामान्य इलाके में, जहां गोलीबारी हुई थी, और आस-पास के पहाड़ी क्षेत्रों में एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया।'

## पेट्रोल पंपों पर लाईन लगाएंगे तो आपकी राष्ट्रभक्ति संदेह के दायरे में आ जाएगी

● पेट्रोल की किल्लत पर बोले योगी

**लखनऊ/गोरखपुर/गोंडा/देवरिया/प्रयागराज।** यूपी के कई जिलों में पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाह फैली हुई है। इसके चलते दूसरे दिन यानी गुरुवार को भी देवरिया, सुल्तानपुर, लखनऊ और गोंडा में कई पेट्रोल पंपों पर भीड़ उमड़ पड़ी। लोग बड़े-बड़े डिब्बे लेकर पेट्रोल और डीजल भरवाने पहुंच गए। कई जगह लंबी कतारें लग गईं और लोग घंटों



इंतजार करते रहे। वहीं दूसरी तरफ गोरखपुर में सीएम योगी ने लोगों से अपील की कि पंप पर लाइन न लगाएं। जब जरूरत हो, तभी डीजल और पेट्रोल लेने जाएं। अगर आप किसी आशंका के वशीभूत लाइन लगाएंगे तो आपकी राष्ट्रभक्ति पर लोग संदेह करेंगे। इसलिए सिर्फ संचय के लिए पेट्रोल पंपों पर लाईन लगाकर समय न बर्बाद करें।

## इस बार आईपीएल में नहीं होगी ओपनिंग सेरेमनी

● बीसीसीआई ने दिया चिन्नास्वामी स्टेडियम में मचे भगदड़ का हवाला


**नई दिल्ली।** क्रिकेट के गलियारों से बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। बीसीसीआई ने आईपीएल में इस बार ओपनिंग सेरेमनी को नहीं करने का फैसला लिया है। जिससे हर कोई हैरान है। मगर इसके पीछे की वजह जानकर आप भी बोर्ड के फैसले को सैल्यूट करेंगे। पिछले साल आरसीबी के चैंपियन बनने के बाद चिन्नास्वामी स्टेडियम में भगदड़ मच गया था. जिसमें 11 मासूम लोगों की मौत हो गई थी। उन्हीं मासूमों को ट्रिब्यूट देने के लिए बोर्ड की तरफ से यह फैसला लिया गया है। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, 'पिछले साल चार जून को हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना को ध्यान में रखते हुए इस बार आईपीएल की शुरुआत में कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा।

## घर से बच्ची को उठा ले गया तेंदुआ मुआवजे की मांग पर अड़े परिजन



**लखीमपुर।** लखीमपुर खीरी के सिंगाही थाना क्षेत्र के फुटहा फार्म में बुधवार शाम परिजनों के सामने से सात वर्षीय बच्ची को तेंदुआ दबोच ले गया। घर से करीब 600 मीटर दूर मासूम बच्ची का अधखाया शव मिला। इस घटना के बाद से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है। बृहस्पतिवार को बच्ची के परिजनों के साथ तमाम लोग धरने पर बैठे गए। पुलिस को बच्ची का शव नहीं उठाने दिया। परिजनों ने जिम्मेदारों पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) उत्तर प्रदेश के बैनर तले संगठन के विधानसभा अध्यक्ष जयमल सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में अधिकारियों को पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया है।

## निचली अदालत का आदेश दरकिनार : बरी हो गए राज बब्बर



**लखनऊ।** चुनाव के दौरान हिंसा के 30 साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश एमपी/एमएलए ने अहम फैसला सुनाते हुए कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद राज बब्बर को बरी कर दिया है। विशेष न्यायाधीश ने निचली अदालत के दोषसिद्धि आदेश को निरस्त करते हुए उनकी अपील स्वीकार कर ली। सुनवाई के दौरान राज बब्बर स्वयं अदालत में उपस्थित हुए। न्यायालय ने अपने निर्णय में मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा सुनाई गई दो वर्ष की सजा तथा 6,500 रुपये के जुर्माने को समाप्त करते हुए उन्हें सभी आरोपों से मुक्त कर दिया।

## तीन नाबालिगों ने किशोर को उतारा मौत के घाट

**पूर्वी दिल्ली।** नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के दयालपुर इलाके में बीती रात 15 वर्षीय किशोर सुभान की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में तीन नाबालिग आरोपितों को पकड़ लिया है, जिनकी उम्र 13 से 17 वर्ष के बीच बताई जा रही है। आरोपितों ने खुलासा किया कि मृतक उन्हें अक्सर चिढ़ाता और बुली करता था। इसी बात से नाराज होकर तीनों ने मिलकर उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

## पश्चिम बंगाल में रामनवमी पर भाजपा-टीएमसी में जोर आजमाइश

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में रामनवमी की तैयारियां चल रही हैं। रामनवमी पर यहां 5 दिन तक कार्यक्रम होंगे। भाजपा अपनी योजना के मुताबिक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को मुद्दा बनाना चाहती है। इसमें बांग्लादेश में दीपू दास, मुर्शिदाबाद में हरिगोबिंद दास और उनके बेटे चंदन की हत्या भी शामिल है। वहीं दूसरी तरफ टीएमसी भी कार्यक्रम करेगी। पार्टी हुगली में 'अस्त्रहीन संकीर्तन रैली' निकालेगी। उसका कहना है कि जयश्री राम कहने से राम सिर्फ भाजपा के नहीं हो जाते। रामनवमी की तैयारियों पर आसनसोल का जिक्र भी बेमानी न होगा। क्योंकि यहां 2018 में रामनवमी पर हिंसा भड़की थी। रानीगंज और आसनसोल के बाजारों में 100 से ज्यादा दुकानें और घर जला दिए गए थे।




# अमेरिकी दावा : ईरान के 92 प्रतिशत जहाज तबाह

## इजराइल ने किया ईरानी पनडुब्बी अनुसंधान केन्द्र पर सीधा हमला, समुद्री ताकत की रीढ़ टूट गयी



● ईरान ने अमेरिकी युद्धपोत अब्राहम लिंकन पर क्रूज मिसाइल दागा

**नई दिल्ली।** इजरायल ने ईरान के इस्फहान शहर के आसपास बड़े पैमाने पर हमले किए हैं। युद्ध अब 27वें दिन में दाखिल हो चुका है। इस हमले में ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। अमेरिका ने कहा इस जंग की शुरुआत के बाद अब तक उसने ईरान के 10 हजार ठिकानों पर बम बरसाए हैं। इसके अलावा अमेरिका सेना ने दावा किया है कि ईरान के 92 फीसदी जहाज तबाह कर दिए गए हैं। स्थानीय लोगों और मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, गुरुवार यानी 26 मार्च 2026 की सुबह इस्फहान इलाके में भारी धमाकों की आवाजें सुनाई दीं। सबसे ताजा घटनाक्रम में इजरायल ने ईरान के इस्फहान स्थित पनडुब्बी अनुसंधान केंद्र पर सीधा हमला कर दिया। यह वही केंद्र है जहां ईरानी नौसेना के लिए पनडुब्बियों और मानवरहित समुद्री प्रणालियों का विकास होता है। यह हमला केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि ईरान की समुद्री ताकत की रीढ़ तोड़ने की सोची समझी रणनीति है। इसका सीधा संदेश है कि इजरायल अब ईरान की सैन्य क्षमता को जड़ से खत्म करने के मिशन पर उतर चुका है। दूसरी ओर ईरान भी झुकने को तैयार नहीं है। उसने अमेरिकी युद्धपोत अब्राहम लिंकन पर क्रूज मिसाइलें दागने का दावा किया है। ईरानी नौसेना ने साफ चेतावनी दी है कि अगर अमेरिकी जहाजी बेड़ा उसकी मारक सीमा में आया तो उसे भारी कीमत चुकानी होगी। यह घटनाक्रम इस बात का संकेत है कि अब जंग सीधे अमेरिका और ईरान के बीच खुली भिडंत की ओर बढ़ रही है। ईरान के इन हमलों से पता चलता है कि युद्ध अब सिर्फ इजरायल-ईरान तक सीमित नहीं रहा। खाड़ी देशों की हवाई सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती मिल रही है। भले ही ज्यादातर हमले रोक लिए जाते हैं, लेकिन जो एक-दो ड्रोन बचकर निकल जाते हैं, वे ईंधन टैंकों या अन्य सुविधाओं को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस बीच अमेरिका ने पाकिस्तान में ईरान के साथ बातचीत की रिपोर्टों को सिरे से खारिज कर दिया है। कुछ खबरों में दावा किया जा रहा था कि पाकिस्तान में दोनों पक्षों के बीच चर्चा हो रही है, लेकिन अमेरिका ने इसे अफवाह बताया है।

### भारतीय जहाजों को होर्मुज से गुजरने की इजाजत

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 27वां दिन है। ईरान ने भारत, चीन, रूस, इराक और पाकिस्तान समेत मित्र देशों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की इजाजत दे दी है। कॉन्सुलेट ने बताया कि ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि 'मित्र देशों' को होर्मुज से गुजरने की छूट है। यह रास्ता सिर्फ उन देशों के लिए बंद है जो ईरान के खिलाफ हैं।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाईव

● तापमान अधिकतम : 33.7°C
● तापमान न्यूनतम : 18.8°C

● सूर्योदय : 06.11
● सूर्यास्त : 06.05

वाराणसी, 26 मार्च, गुरुवार 2026 (3)








हनुमान चालीसा का पाठ करते हनुमान ध्वजा प्रभातफेरी समिति के सदस्य व श्रद्धालु।

## संकट मोचन संगीत समारोह छह से 11 अप्रैल तक

**वाराणसी।** बहुप्रतीक्षित संकट मोचन संगीत समारोह की शुरुआत छह अप्रैल से हो रही है। छह दिवसीय इस आयोजिन में इस बार भी 150 से ज्यादा कलाकार हनुमत प्रभु के चरणों में गायन, वादन और नृत्य की त्रिवेणी बहाएंगे। मालिनी अवस्थी, हरिप्रसाद चौरसिया, अनूप जलोटा जैसे कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। वहीं, इस बार 20 से ज्यादा कलाकार पहली बार हनुमत दरबार में हाजिरी लगाएंगे संगीत समारोह का ये 103वां साल है। छह से 11 अप्रैल तक चलने वाले संगीत के इस महाकुंभ में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, ओडिशा साहित अन्य जगहों के कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। इस उत्सव में हर दिन करीब 12 घंटे प्रस्तुतियां होंगी। 11 अप्रैल तक चलने वाले समारोह में शुरूआती तीन दिन तक हर दिन आठ-आठ जबकि बाकी तीन दिनों में सात प्रस्तुतियां होंगी। यानी छह दिन तक चलने वाले इस आयोजन में 45 प्रस्तुतियां होंगी। इसमें 45 प्रमुख कलाकारों के साथ संगत करने वाली टीम को लेकर करीब 150 कलाकार मंच पर मौजूद रहेंगे। आयोजन समिति की ओर से कलाकारों की सूची तैयार कराने के साथ ही उनसे संपर्क भी किया जा रहा है। इसी हफ्ते कलाकारों की सूची जारी कर दी जाएगी।

# माई घरे दीयरा बार अईली हो

## नवरात्रि की अष्टमी पर घर-घर मां का अनुष्ठान, महिलाओं ने रखा व्रत



चैत्र नवरात्रि का आज आठवां दिन है। इस अवसर पर घर-घर माता के पूजन का अनुष्ठान चल रहा है। आज श्रद्धालुओं, खासकर महिलों ने व्रत रखा है। घरों में पूजन स्थल की साफ-सफाई के साथ मां को भोग लगाने के लिए विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाने की तैयारी चल रही है। माला-फूल, दीपक, घड़ा, नारा, रोरी सहित अन्य पूजन सामग्रियों के लिए दुकानदारों के यहां कल रात से ही ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। फल-फूल व सब्जियों की खरीददारी से बाजारों में रौनक बढ़ गयी है। माता के मंदिरों के साथ-साथ अन्य देव मंदिरों में भी सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। इस अवसर पर मां भगवती के आठवें स्वरूप, अष्टांग योग की अधिष्ठात्री देवी महागौरी की पूजा की जा रही है। धार्मिक मान्यता है कि देवी महागौरी की कृपा से धन-संपदा, सौंदर्य और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। उन्हें सृष्टि का आधार और अक्षत सुहाग की प्रतीक भी माना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान शिव ने मां काली पर गंगाजल छिड़का था, जिसके बाद वे महागौरी के रूप में प्रकट हुईं। काशी में अष्टमी के अवसर पर देवी मंगला गौरी और मां अन्नपूर्णा की विशेष पूजा की परंपरा है। पंचगंगा घाट क्षेत्र स्थित देवी मंगला गौरी मंदिर और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के समीप स्थित माता अन्नपूर्णा मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। भक्त दर्शन-पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। वाराणसी के पंचगंगा घाट के ऊपर स्थित इस प्राचीन मंदिर में सुबह मंगला आरती के बाद जैसे ही पट खोले गए, पूरा परिसर 'जय माता दी' के जयघोष से गूंज उठा। भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मां से सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की।

**● सौभाग्य प्राप्ति के लिए मां भगवती के आठवें स्वरूप महागौरी का पूजन**

# अधिग्रहण का विरोध : आंदोलनकारी नजरबंद



**● काशी द्वार परियोजना का विरोध करने वाले किसान नेताओं के घरों पर तैनात की गयी पुलिस**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** काशी द्वार परियोजना के अंतर्गत किसानों की भूमि के कथित जब-रन अधिग्रहण के खिलाफ प्रदर्शन करने जा रहे किसान नेताओं और आंदोलनकारियों को गुरुवार को मिर्जामुराद पुलिस ने लोक समिति आश्रम, नागेपुर में नजरबंद कर दिया। इस कार्रवाई से आंदोलनकारियों में नाराजगी फैल गई, जिन्होंने प्रशासन पर तानाशाही का आरोप लगाया। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि सरकार किसानों की सहमति के बिना उनकी भूमि का अधिग्रहण नहीं कर सकती। नजरबंद किए गए नेताओं में लोक समिति के संयोजक नंदलाल मास्टर, नागेपुर ग्राम प्रधान मुकेश कुमार, गंजारी ग्राम प्रधान अमित कुमार, हरपुर ग्राम प्रधान शिवकुमार राजभर, मनरेगा मजदूर यूनियन के संयोजक सुरेश राठौर और मुस्तफा शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि काशी द्वार परियोजना के विरोध में प्रस्तावित प्रदर्शन में मिर्जामुराद क्षेत्र के किसानों के शामिल होने की सूचना पुलिस प्रशासन को मिली थी। इसके बाद प्रशासन ने संबंधित किसान नेताओं के घरों पर पुलिस तैनात कर दी। गुरुवार को सभी आंदोलनकारी नेताओं को लोक समिति आश्रम, नागेपुर बुलाकर नजरबंद कर दिया गया। लोक समिति के संयोजक नंदलाल मास्टर ने इस कार्रवाई का कड़ा विरोध करते हुए इसे संविधान के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या है और किसानों के अधिकारों का उल्लंघन है। वहीं, आराजी लाइन प्रधान संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने कहा कि किसानों की सहमति के बिना उनकी भूमि का अधिग्रहण किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। मनरेगा मजदूर यूनियन के संयोजक सुरेश राठौर ने कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है। उन्होंने प्रशासन की इस कार्रवाई को गलत ठहराते हुए कहा कि इससे लोगों में रोष व्याप्त है। किसान नेताओं ने यह भी कहा कि वे अपनी भूमि के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।

## शिविर में चयनित 29 मोतियाबिंद मरीजों का होगा मुफ्त लेंस प्रत्यारोपण

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट एवं वाराणसी के प्रतिष्ठित आर. जे. शंकरा आई हॉस्पिटल वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में पन्द्रहवें निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन बुधवार को आशा ट्रस्ट के भन्दहां कला, कैथी केंद्र पर किया गया। शिविर में कुल 62 लोगों ने नेत्र परीक्षण कराया जिसमे से चिन्हित 29 मोतियाबिंद के मरीजों को मुफ्त ऑपरेशन, लेंस और चश्मा की सुविधा दी जायेगी। सभी मरीजों को वापस शुक्रवार को अस्पताल की बस द्वारा वापस आशा केंद्र पर पहुंचा दिया जाएगा । शिविर में प्रदीप सिंह, ब्रिजेश कुमार, रमेश प्रसाद, दीन दयाल सिंह, रमेश श्रीवास्तव, सरोज, सुनीता, सारिका, निकिता आदि ने प्रमुख भूमिका निभाई।

## नगर वधुओं ने आंसुओं से बाबा नटराज को दी भावांजलि



**वाराणसी।** मणिकर्णिका घाट पर बाबा महाश्मशाननाथ का चैत्र नवरात्र की पंचमी से सप्तमी तक चलने वाले त्रिदिवसीय श्रृंगार महोत्सव बुधवार को समापन हुआ। महोत्सव के अंतिम दिन श्मशान की राख और जलतीं चिताओं के बीच भक्ति का ऐसा ज्वार उमड़ा कि शव लोक साक्षात् शिवलोक में परिवर्तित हो गया। बाबा महाश्मशान नाथ और माता मशान काली का रजनीगंधा, गुलाब और सुगंधित फूलों से अलौकिक श्रृंगार किया गया। आरती के बाद काशी की नगर वधुओं ने अपनी परंपरा को जीवित रखते हुए बाबा के चरणों में गायन और नृत्य के माध्यम से भावांजलि अर्पित की। जलती चिताओं के बीच जब नगरवधुओं ने घुंघरू बांधकर नृत्य शुरू किया, तो वहां मौजूद हर भक्त की आंखें डबडबा गईं। शाम को तांत्रिक विधान और पंचमकार भोग के साथ बाबा की भव्य आरती उतारी गई। मान्यता है कि बाबा को प्रसन्न करने के लिए स्वयं शक्ति ने योगिनी रूप धरा था, इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए पूरे प्रांगण को दिव्य रूप दिया गया।

## सिलेंडर ब्लास्ट हादसा : बेटे-बेटी की मौत के बाद मां की भी थमी सांसें

**वाराणसी।** वाराणसी के लहरतारा इलाके में 24 मार्च को हुए सिलेंडर ब्लास्ट में घायल गिरजा देवी (60) ने भी बीती रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसके पहले मकान में ब्लास्ट से महिला के बेटे ओम कुमार चौधरी और बेटी प्रीति की मौत हो गई थी। जब-कि बड़ा बेटा अमन और गिरजा देवी का ट्रामा सेंटर में इलाज चल

## टीबी, टीकाकरण व गोल्डेन कार्ड कार्यों में तेजी का निर्देश



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, वाराणसी मंडल डा0 नरेन्द्र देव शर्मा द्वारा मंडल के समस्त जनपदों के मुख्य चिकित्साधिकारियों तथा स्वास्थ्य विभाग एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संबंधित अधिकारियों के साथ बुधवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप उपलब्धियां समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएं।

## मरकजी दारुल उलूम भवन कुर्क, नीलामी की चेतावनी

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** संपत्ति कर के बड़े बकाएदारों के खिलाफ नगर निगम ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इस क्रम में कोतवाली जोन के आदि विश्वेश्वर (कुंडी नगर टोला) स्थित भवन संख्या सी.के. 39/24-25 को कुर्क कर दिया है। वहीं पांच दिनों में अवशेष 20,26,237 रुपये का भुगतान न करने पर उप्र नगर निगम अधिनियम की धारा 513 एवं 514 के तहत नीलामी करने की चेतावनी दी है । इस भवन का स्वामित्व मरकजी दारुल उलूम वगैरह के पास है। आदि विश्वेश्वर स्थित भवन संख्या सीके 39/24-25 पर कुल 24,16,237 रुपये की धनराशि बकाया थी। निगम द्वारा पूर्व में जारी अधिग्रहण वारंट के अनुपालन में अब तक महज 3,90,000 रुपये ही वसूल किए गए हैं । बार-बार नोटिस दिए जाने और संपर्क किए जाने के बावजूद भवन स्वामियों ने शेष 20,26,237 रुपये का भुगतान नहीं किया गया। इस पर नगर निगम ने कुर्की की कार्रवाई की है।

# नाकामियों का ठिकरा विपक्ष के सिर

**● प्रदेश में भ्रष्टाचार से हाहाकार, सरकारी महकमा बन चुका है लूट-खसोट का अड्डा**

**● बिना कुछ दिए निगम में नहीं होता कोई काम, मुकदमा लिखने का पुलिस मांगती है पैसा**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उत्तरप्रदेश की सत्ता में योगी आदित्यनाथ के नव साल पूरे होने पर कांग्रेस ने सरकार के फेलियर होने का आरोप लगाया। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे ने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में हाहाकार मचा हुआ हैं योगी सरकार ने पूरे प्रदेश का बंटाधार कर दिया। अय्याशियों और नाकामियों का ठिकरा विपक्ष पर थोप कर प्रदेश सरकार अपने आप को दूध का धोया साबित करना चाहती है। पुलिस विभाग, नगर निगम, अस्पताल, तहसील विजली विभाग जैसे सरकारी महकमे लूट-खसोट का अड्डा बन चुके हैं। नगर निगम को नरक निगम पर्याय बना हुआ है। जनता को दिखाने और बरगलाने के लिए रोज कहीं न कहीं शिलान्यास और लोर्कापण किया जा रहा है लेकिन काम कहीं नहीं हो रहा है और जो हो रहा है उसमें लेट-लटीफी, कमीशनखोरी के साथ गुणवत्ता का अभाव है। प्राइवेट स्कूल भी इस भ्रष्ट व्यवस्था में हाथ धो रहे हैं। फीस, कॉपी-किताब, यूनिफार्म और एक्ट्रा एक्टिविटी के नाम पर अभिभावकों की जेब तराश ली जा रही है। पुलिस मुकदमा लिखने तक का पैसा मांगती है।

## उस्ताद शायर अहमद हनीफी सम्मानित



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** हिंदुस्तान के प्रख्यात उस्ताद शायर अहमद हनीफी साहब का शिक्षाविद फहीम अहमद (नेशनल इंटर कॉलेज पेलीकोठी के पूर्व प्रिंसिपल) के काजी सादुल्लाह पुरा स्थित आवास पर स्वागत किया गया, जिसमें उन्हें यादगार तोहफे देकर सम्मानित किया गया। सामाजिक संस्था 'सुल्तान क्लब' के अध्यक्ष डॉ. एहतेशामुल हक ने उनका स्वागत किया। अहमद हनीफी उस्ताद शायर ने कविता के ज़रिए देश, मातृभूमि और समाज को भी सुधारने का प्रयास किया है। कविता पाठ व मुशायरों में उन्हें बड़े प्यार से सुना जाता है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मुसीबत में मदद को जब कोई लड़की बुलाती है, मुझे महसूस होता है मेरी बेटी बुलाती है। इस मौके पर जनरल सेक्रेटरी एच. हसन नन्हे, शमीम रियाज, फैयाजुद्दीन, इरफानुल हक, आफताब आलम वगैरह मौजूद थे।






# श्रद्धालुओं ने लाल ध्वजा और आरती की थाली लेकर निकाली प्रभातफेरी

**● संकटमोचन में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी समिति वाराणसी के तत्वाधान में 15 दिवसीय हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी के आज सातवें दिन कार्यक्रम संयोजक यतींद्र कथूरिया ने आज के मुख्य अतिथि विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, वीरेंद्र सिंह, प्रमोद मिश्रा, डॉ. संजय गर्ग, डॉ. रितु गर्ग, नेशनल एंटी करप्शन से राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारी हिमांशु सिंह, मंडल संयुक्त सचिव रवि जायसवाल का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा हनुमानजी की रथ पर वि-राजमान प्रभु के विग्रह की आरती की गई। 131 भक्तों में लाल ध्वजा वितरण की गई एवं 31 महिला भक्तों को आरती की थाली प्रदान की गई। यह यात्रा गुरुधाम रविंद्रपुरी दुर्गाकुंड त्रिदेव मंदिर होते हुए संकट मोचन मंदिर तक गयी। जहां हनुमान जी के चरणों में सभी भक्तो द्वारा लाल ध्वजा अर्पित किया गया। तत्पश्चात मंदिर प्रांगण में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ व आरती हुई और सवामनी प्रसाद के रूप में लड्डू व संतरे का वितरण हुआ। प्रभात खेतान, महेंद्र शर्मा द्वारा भजनों की प्रस्तुति की गई। मानस मंदिर के पास बेला जैन व निशांत जैन द्वारा हनुमानजी की आरती की गयी। मारवाड़ी युवा फाउंडेशन अरिंदम शाखा द्वारा जल वितरण किया गया।

## अवकाश के दिन भी निबंधन कार्यालय खुलेगा

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उप महानिरीक्षक निबन्धन, वाराणसी मण्डल के निर्देशानुसार चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति के दृष्टिगत की 31 मार्च तक अवकाश के दिनों में भी निबंधन कार्यालय खुले रहेंगे तथा निबन्धन कार्य होंगे। सहायक महानिरीक्षक निबन्धन ने बताया कि अवकाश के दिनों में भी निबंधन कार्यालय खुले होने से जनसामान्य को सुविधा के साथ अवशेष विभागीय कार्य पूर्ण किया जा सकेगा।


जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## सुल्तानपुर समाचार

### सरेशाम प्रॉपर्टी डीलर को मारी गोली, मौत

**कुड़वार।** स्थानीय बाजार स्थित एक गैस एजेंसी के सामने बुधवार करीब शाम 7:00 बजे अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठान के सामने बैठे प्रॉपर्टी डीलर नरवापार निवासी माता प्रसाद पांडेय (50) की बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। बदमाश असलहा लहराते हुए सुल्तानपुर की ओर भाग निकले।

घटनास्थल पर पहुंचे सीओ नगर सौरभ सामंत ने स्थानीय लोगों से वारदात के बारे में पूछताछ की लेकिन हमलावरों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शाम करीब सात बजे माता प्रसाद पांडेय कार से बाजार में पहुंचे और अपने कांप्लेक्स स्थित एक गैस एजेंसी के सामने कुर्सी पर बैठे गए। तभी एक बाइक पर सवार दो नकाबपोश बदमाश पहुंचे। बाइक पर पीछे बैठे एक बदमाश ने माता प्रसाद पर असलहे से फायर कर दिया।

गोली माता प्रसाद के पीठ में लगी। गोली लगने के बाद वह दुकान की ओर भागे। उन्हें मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि गोली पीठ पर लगने के बाद सीने से पार हो गई है।

घटनास्थल पर पहुंचे सीओ नगर सौरभ सामंत ने बताया कि हमलावरों की तलाश की जा रही है। हत्या का कारण पता नहीं चल सका है।

एसपी चारू निगम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। बताया कि माता प्रसाद प्रापर्टी डीलिंग का काम करते थे, हमलावरों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## मीरजापुर समाचार

### दवा लेने प्रयागराज गई विवाहिता लापता, मेसेज आया हादसे में हो गई मौत

**जिगना, मीरजापुर।** थाना क्षेत्र के गांव से तीन वर्ष के बच्चे के साथ मंगलवार की सुबह घर से दवा लेने प्रयागराज के बेली अस्पताल के लिए निकली बीमा देवी (35) के घर न लौटने पर परिजनों ने बुधवार को जिगना थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी। पुलिस छानबीन कर ही रही थी कि दोपहर 12 बजे उसी के ही मोबाइल से घर व रिश्तेदारों के यहां मेसेज आया है कि बीमा देवी व उसके पुत्र की हादसे में मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के बिहसड़ा कला के मुराजपुर गांव निवासी पत्नी बीमा देवी (35) पत्नी जितेंद्र अपने तीन वर्षीय पुत्र सतेंद्र के साथ मंगलवार की सुबह नौ बजे घर से प्रयागराज के बेली अस्पताल में दवा लेने निकली थी।

## चंदौली समाचार

### कुत्ते के जबड़े को फाड़कर दरोगा बेटे ने बचाई मां की जान

**चंदौली।** स्थानीय ग्राम सभा के पांडेय मोहल्ले में बुधवार को एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना घटी। एक अवारा कुत्ते ने 85 वर्षीय महिला पर हमला कर दिया। लोगों ने महिला ने खुद को छुड़ाने के लिए कुत्ते पर लाठी से वार किए फिर भी कुत्ते ने महिला को नहीं छोड़ा। उनके दरोगा बेटे ने कुत्ते के खूंखार जबड़े को अपने हाथों से फाड़कर अपनी मां की जान बचाई।

भदोही जनपद में दरोगा के पद पर बेटे दिवाकर ने बताया कि टांडाकला में मां मुन्ना पांडेय (85) अपने घर के बाहर गली में 5 वर्षीय भांजी के साथ बैठी थीं। इसी बीच गंगा घाट की ओर से आए एक सफेद रंग के अवारा कुत्ते ने उन पर हमला बोल दिया। कुत्ते ने मां का दाहिना हाथ पकड़ लिया और मांस नोचने लगा। भांजी की चीख-पड़ोस का युवक चुलबुल क्रिकेट बैट लेकर बचाने दौड़ा लेकिन कुत्ता टस से मस नहीं हुआ। वह मां को लहूलुहान कर दिया। दिवाकर ने बताया कि वह इन दिनों स्वास्थ्य कारणों से छुट्टी पर घर आया हुआ है। घटना के वक्त वह मकान के दूसरी मंजिल पर आराम कर रहे। चीख सुनकर नीचे का मंजर देख दिवाकर सन्न रह गए। कुत्ता उनकी मां के दाहिने हाथ को जबड़े से पकड़ा था। मां को तड़पता देख दिवाकर ने जान की परवाह किए बिना कुत्ते पर छलांग लगा दी। उन्होंने अपने दोनों हाथों से कुत्ते का जबड़ा पकड़कर उसे पूरी ताकत से फाड़ दिया और मां का हाथ छुड़ाया। इसके बाद दिवाकर कुत्ते को रस्सी से बांध दिया।

## भदोही समाचार

### काशी नरेश विवि में बीएससी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 27 और 28 को

**ज्ञानपुर।** काशी नरेश विश्वविद्यालय में रसायन विज्ञान के प्रायोगिक परीक्षाओं की तारीख जारी कर दी गई है। विभागाध्यक्ष डॉ. अभिमन्यु यादव ने बताया कि परीक्षाएं 27 व 28 मार्च को कराई जाएगी।

बताया कि बीएससी प्रथम सेमेस्टर के अनुक्रमांक 2530011 110001 से 144 तक 27 मार्च को सुबह दस बजे से अनुक्रमांक 145 से 387 तक 27 मार्च को ही दोपहर एक बजे से परीक्षा होगी।

वहीं, अनुक्रमांक 265 से 387 तक 28 मार्च को सुबह 10 बजे और अनुक्रमांक 388 से 543 तक दोपहर एक बजे तक परीक्षा होगी। बताया कि परीक्षा रसायन विज्ञान की प्रयोगशाला में होगी।

## सोनभद्र समाचार

### पत्नी से कहासुनी के बाद पति ने फंदा लगाकर दी जान

**बभनी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कोंगा गांव में बुधवार को दोपहर में पत्नी से कहासुनी के बाद गोविंद (30) का शव साड़ी के फंदे के सहारे बड़ेर से लटकता मिला। घटना से पहले उसका पत्नी से विवाद हुआ था। बभनी थाना क्षेत्र के कोंगा गांव निवासी शिवराज के मुताबिक पुत्र गोविंद सुबह से ही घर से कहीं निकला हुआ था। दोपहर में जब घर पहुंचा तो किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया और पत्नी की पिटाई कर दी। इससे नाराज पत्नी घर छोड़कर चली गईं। पत्नी के जाने के बाद वह आवेश में आ गया और बड़ेर के सहारे साड़ी का फंदा बनाकर जान दे दी। कुछ देर बाद पत्नी लौटी तो पति को फंदे पर लटके देखा। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और शव संरक्षण में में लिया। प्रभारी निरीक्षक दीन्नू प्रसाद यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के भिजवाया दिया गया। आगे जांच और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### मोबाइल पर पत्नी करती थी ज्यादा बात, पति ने ली जान

**बीजपुर।** थाना क्षेत्र के महुआवारी सिरसोती गांव में मंगलवार की रात मोबाइल पर ज्यादा बात करने से मना करने पर हुए विवाद में पति ने लोहे की रॉड से वार कर पत्नी सुमन (26) की हत्या कर दी। आरोपी ने सुमन के सिर और पेट में वार किया। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है। म्योरपुर थाना क्षेत्र के कुसुम्हा निवासी कन्हैया जाटव अपनी ससुराल बीजपुर के महुआबारी सिरसोती गांव में रह रहा था। वह एनटीपीसी बीजपुर में एक निजी कंपनी के जरिये कारपेंटर का काम करता है। मोबाइल पर बात करने को लेकर उसका पत्नी सुमन (26) से विवाद हो गया।

## देवरिया समाचार

### आराध्या त्रिपाठी बनी एक दिन के लिए थानाध्यक्ष

**घोसियारी।** बेलौहा बाजार स्थित एक स्कूल की कक्षा सात की छात्रा आराध्या त्रिपाठी को मिशन नारी शक्ति के तहत एक दिन के थाने का थानाध्यक्ष बनाया गया। कमान संभालने के साथ व्यवस्था को करीब से देखा और बताया कि बहुत अच्छा अनुभव रहा है। पीढियां गांव निवासी आराध्य त्रिपाठी पुत्री पवन त्रिपाठी को थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र ने बाकायदा एक दिन के लिए थाने का चार्ज दिया और थाने की गतिविधियों से अवगत कराया। आराध्य ने थानाध्यक्ष बनने के बाद एक फरियादी के प्रार्थना पत्र पर मामले का निपटारा भी किया। उसके बाद महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। सीसीटीएनएस रूम में जाकर आईजीआरएस रिपोर्ट तथा अन्य प्रकरणों की जानकारी ली। इस दौरान मिशन शक्ति-खुशी और आत्मनिर्भर विषयक लघु फिल्में प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित की गईं।

## बलिया समाचार

### बलिया में मां को बचाने कूदे बीटेक छात्र की मौत:रस्सी टूटने से सिर टकराया, इलाज के दौरान दम तोड़ा

**बलिया।** गड़वार थाना क्षेत्र के बड़सरी गांव में बुधवार को एक घटना में मां को बचाने के प्रयास में एक बीटेक छात्र की जान चली गई। कुएं में गिरी मां को सुरक्षित निकाल लिया गया, लेकिन बेटे की मौत हो गई।



बड़सरी गांव निवासी छोटेलाल राम की पत्नी सुभावती देवी, जिनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं बताई जा रही है, बुधवार को घर से निकलकर गड़वार-रतसर मार्ग स्थित आरडी विद्यालय के पास पहुंच गई थीं। इसी दौरान वह अचानक पास के एक कुएं में गिर गईं। परिजनों ने सुभावती देवी को ढूंढना शुरू किया और उसी स्थान पर पहुंचे। वहां खेल रहे बच्चों से पूछताछ करने पर उन्होंने कुएं से आवाज आने की बात बताई। परिजनों ने कुएं में देखा तो सुभावती देवी अंदर गिरी हुई थीं। इसके बाद सुभावती देवी के 23 वर्षीय बेटे मुन्ना ने मां को बचाने के लिए कुएं में छलांग लगा दी। उसने रस्सी से मां को बांधकर ऊपर खींच लिया। जब मुन्ना को ऊपर खींचा जा रहा था, तभी अचानक रस्सी टूट गई और उसका सिर कुएं की दीवार से टकरा गया। इस हादसे में मुन्ना गंभीर रूप से घायल हो गया। कुछ युवकों ने कुएं में उतरकर मुन्ना को बाहर निकाला। उसे तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बुधवार देर शाम मुन्ना का अंतिम संस्कार कर दिया। बताया जा रहा है कि मुन्ना ने 2024 में लखनऊ से बीटेक की पढ़ाई पूरी की थी। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। उसका बड़ा भाई मन्नू राम दिल्ली में सीपीडब्ल्यूडी विभाग में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत है, जबकि छोटा भाई विवेक इलाहाबाद में सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहा है। मुन्ना की चार बहनों में से एक की शादी हो चुकी है। उसके पिता एक निजी शिक्षक थे।

## मऊ समाचार

### हत्या के बाद महिला का शव आने पर भिड़े दो पक्ष

**मऊ।** हलधरपुर थाना क्षेत्र के विसुकिया निवासी सुनील कुमार चौहान की पत्नी रीना (32) वर्ष की 21 मार्च को चंडीगढ़ में हत्या हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद परिजन बुधवार को शव लेकर रतनपुरा पहुंचे तो मायके वालों के साथ जमकर कहासुनी हुई। मायके वालों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया और शव को अंतिम संस्कार के लिए भेज दिया। शव लेकर गाजीपुर जा रहे परिवार के लोगों को मायके वालों ने बलिया के पकवाइनर चट्टी पर पुनः रोक लिया। वहां भी बहस हुई और परिवार के लोग शव को पुनः लेकर रतनपुरा के ठैचा स्थिति गोदाम घाट पर अंतिम संस्कार के लिए आए। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों में मृतका के नाम जमीन को लेकर कहा सुनी हुई थी। मायके वालों का कहना था कि पहले जमीन का निपटारा हो उसके बाद दाह संस्कार किया जाए।

## आजमगढ़ समाचार

### मां कालरात्रि के दर्शन के लिए भक्तों की लग रहीं कतारें



**आजमगढ़।** नवरात्र को लेकर देवी मंदिरों में श्रद्धा और आस्था का सैलाब उमड़ रहा। सुबह से लेकर देर रात तक मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए लोग पहुंच रहे। देवी-गीतों से जनपद गूंज रहा। इससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। नवरात्र के सातवें दिन बुधवार को देवी भक्तों ने मां के सातवें रूप मां कालरात्रि की पूजा कर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। चैत्र नवरात्र में देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। घर से लेकर मंदिरों तक लोग मां के दर्शन पूजन को उमड़ रहे। नगर के दक्षिण मुखी देवी मंदिर के प्रति लोगों की अगाध श्रद्धा है। भोर से ही यहां लोगों का मां के दर्शन को तांता लग रहा। लग रहे जयकारों से पूरा चौक क्षेत्र गूंज रहा। वहीं, नगर के रैदोपुर स्थित दुर्गा मंदिर, ब्रहमस्थान स्थित काली माता मंदिर में भी दर्शन पूजन को लोग उमड़ रहे। घरों में भी देवी मंदिरों की गूंज सुनाई दे रही। शंख की आवाज से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा।

**लाटघाट:** धनछुला स्थित चन्नाराम कालिका मंदिर में मां के दर्शन पूजन को दूर-दूर से लोग पहुंच रहे। पल्हना स्थित मां पाल्हमेश्वरी धाम पर भोर से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

**ठेकमाः** अठरही माता मंदिर में नवरात्र के सातवें दिन भोर से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। श्रद्धालुओं ने मां की पूजा अर्चना कर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की।

**मेजवां :** बुढ़िया माता मंदिर में दूर-दूर से भक्त माता के दर्शन पूजन को पहुंच रहे हैं। मान्यता है कि यहां मन्नत मांगने वालों की हर मुराद मां पूरी करती है।

## गाजीपुर समाचार

### एक अप्रैल से लागू होगी सर्किल रेट की नई व्यवस्था, सर्वे जारी

**गाजीपुर।** एक अप्रैल से सर्किल रेट और संपत्ति मूल्यांकन की नई एकसमान व्यवस्था लागू करने की तैयारी है। इसके तहत स्टाम्प शुल्क की गणना को अधिक पारदर्शी और सरल बनाया जाएगा। निबंधन विभाग नए सिरे से सर्किल रेट निर्धारण के लिए सर्वे करा रहा है। महानिरीक्षक के निर्देश पर एआईजी स्टांप ने सभी रजिस्ट्रार को नई दर सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं। जिले में सात उप-निबंधन कार्यालय हैं, जो विभिन्न तहसील मुख्यालयों पर संचालित हो रहे हैं। मूल्यांकन पद्धतियों में एकरूपता लाने के लिए यह कदम उठाया गया है। नई व्यवस्था पूरे प्रदेश में एक समान मानक पर लागू की जाएगी। एआईजी स्टांप प्रेम प्रकाश ने बताया कि वर्तमान में अलग-अलग पद्धतियां स्टाम्प शुल्क की गणना को जटिल बनाती हैं, जबकि नई व्यवस्था इसे आसान और पारदर्शी बनाएगी। जिन क्षेत्रों में हाल ही में सर्किल रेट का पुनरीक्षण हुआ हैं।

## गोरखपुर समाचार

### पांच पेट्रोल पंपों पर तेल खत्म- पेट्रोल भराने उमड़ी भीड़



**गोरखपुर।** बृहस्पतिवार सुबह से ही शहर के अलग-अलग पेट्रोल पंपों पर डीजल-पेट्रोल के लिए लोगों की लाइन लगी रही। शहर के कई पेट्रोल पंपों पर बैरिकेडिंग लगाकर बंद कर दिया गया। जबकि कहीं कहीं पुलिस की निगरानी में पेट्रोल-डीजल वितरित किया गया। दरअसल, पश्चिम एशिया में संघर्ष के चलते रसोई गैस की किल्लत के बीच पेट्रोल-डीजल की भी कमी होने लगी है। बीते बुधवार की शाम तक पांच पेट्रोल पंपों पर तेल का स्टॉक खत्म हो गया। इसके बाद अफवाह ऐसी फैली कि सभी पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लग गईं। लोग गाड़ियों में टंकी फुल कराने लगे। कई पेट्रोल पंपों के सामने सड़क पर जाम लग गया। प्रशासन ने अफवाहों से बचने की अपील करते हुए कहा कि पेट्रोल-डीजल पर्याप्त मात्रा में है, धैर्य न खोएं। मंगलवार की शाम को ही शहर में पादरी बाजार और तारामंडल स्थित दो पट्रोल पंपों पर तेल खत्म हो गया। दोनों जगहों पर बुधवार को भी पेट्रोल-डीजल नहीं मिला। वहीं, पाली (सहजनवां) में तीन पेट्रोल पंपों पर तेल का स्टॉक खत्म हो गया। पूरे दिन अन्य जगहों पर लोगों को बड़े आराम से पेट्रोल-डीजल मिला लेकिन शाम होते ही अफवाहें फैलने लगीं कि पेट्रोल खत्म हो रहा है। इसके बाद लोग गाड़ियां लेकर पेट्रोल पंपों की ओर जाने लगे। लोग जरूरत से ज्यादा पेट्रोल अपने वाहनों में डलवाने लगे। भीड़ इतनी बढ़ गई कि रात 10 बजे पंप बंद होने के पहले ही कई जगहों पर तेल खत्म हो गया। बेतियाहाता स्थित पंप पर रात नौ बजे पेट्रोल खत्म हो गया और उसे बंद कर दिया गया। मैनेजर ने बताया कि टैंकर रास्ते में है और रात तक पेट्रोल पहुंचने की संभावना है, जिससे सुबह से आपूर्ति सामान्य हो जाएगी। काली मंदिर पेट्रोल पंप के प्रबंधक संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि उनके पंप की कुल क्षमता 12 हजार लीटर है, जिसमें से आठ हजार लीटर पेट्रोल पहले ही दिया जा चुका है और लगभग चार हजार लीटर शेष है, जो अगले दिन तक समाप्त हो सकता है।

## जौनपुर समाचार

### बेटे ने मां को मार डाला, बीच-बचाव में भाभी और भतीजी घायल



**जौनपुर।** केराकत कस्बे के शेखजादा मोहल्ला में बुधवार को एक दिल दहला देने वाली घटना हुई। घरेलू विवाद के कारण अविवाहित बेटे ने अपनी ही बुजुर्ग मां शीला सिंह (80) की वजनी वस्तु से पिटाई कर दी।

गंभीर रूप से घायल वृद्धा को ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया गया। इस दौरान बीच-बचाव में आई भाभी और भतीजी भी घायल हो गईं, जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, शेखजादा मोहल्ला निवासी शीला सिंह पहले राजकीय कन्या पाठशाला में प्रवक्ता रह चुकी थीं। उनके पति स्वर्गीय वीरेंद्र सिंह भी केराकत स्थित एक पब्लिक इंटर कॉलेज में प्रवक्ता थे, जिनका छह माह पूर्व निधन हो चुका था।

परिवार में चार पुत्र हैं। पप्पू और भोलू उर्फ संदीप (47) मां के साथ रहते थे, जबकि मुन्ना और गोलू बाहर रहते हैं। बताया जाता है कि बुधवार सुबह करीब 11 बजे घरेलू विवाद के दौरान भोलू उर्फ संदीप को गुस्सा आ गया और उसने रॉड, सिलबट्टा, डंडे तथा लात-घूंसों से मां की जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान बीच-बचाव करने पहुंची भाभी शालिनी सिंह और भतीजी वार्तिका सिंह भी घायल हो गईं।

घटना की सूचना मिलते ही परिजनों और स्थानीय लोगों ने घायल वृद्धा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

## प्रयागराज समाचार

### मां ने अपनी किडनी देकर बचाई बेटे की जान, प्रयागराज में हुआ पहला गुर्दा प्रत्यर्पण

**प्रयागराज।** प्रयागराज में पहला सफल गुर्दा प्रत्यर्पण बुधवार को एसआरएन अस्पताल में किया गया। मां ने अपनी किडनी देकर बेटे की जान बचाई है। गुर्दा प्रत्यर्पण की प्रक्रिया करीब एक माह से चल रही थी। गुर्दा प्रत्यर्पण कमेटी की अनुमति मिलने के बाद यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. दिलीप चौरसिया के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने सफल गुर्दा प्रत्यर्पण किया। जिले में पहला गुर्दा प्रत्यर्पण किया गया। मोती लाल नेहरु मेडिकल कॉलेज (एसआरएन) में ट्रांसप्लांट ऑथराइज्ड कमेटी ने मरीज और दान दाता (मां-बेटे) को मंजूरी देने के बाद ट्रांसप्लांट किया गया। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एक माह से इसकी तैयारी कर रहा था। एमएलएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य व गुर्दा प्रत्यारोपण कमेटी के अध्यक्ष डॉ. वीके पांडेय की अध्यक्षता में किडनी ट्रांसप्लांट ऑथराइज्ड कमेटी की बैठक हुई।



इस दौरान कमेटी के सदस्यों में मौजूद पूर्व आईजी केपी सिंह, एडवोकेट आनंद सिंह, डॉ. जितेंद्र शुक्ला, डॉ. शांति चौधरी, ट्रांसप्लांट क्वाडिनेटर नर्स प्रीति और सुषमा ने मरीज और दान दाता (मां-बेटे) और उनके परिजनों का सत्यापन किया। दस्तावेज जांचने के साथ वीडियो रिकार्डिंग के जरिये सभी का बयान दर्जन किया गया। जिसके बाद कमेटी ने ट्रांसप्लांट को मंजूरी दी। एसआरएन यूरोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. दिलीप चौरसिया के नेतृत्व में डॉ. अरविंद गुप्ता, डॉ. संतोष मौर्य और डॉ. सौम्या गुप्ता की टीम ने किडनी का सफल प्रत्यर्पण किया। पहले इसके लिए लोगों को दिल्ली, मुंबई आदि शहरों में जाना पड़ता था। गुर्दा प्रत्यारोपण के लिए चिकित्सक के साथ उनकी पूरी टीम का जानकार होना जरूरी होती है। इसके लिए मोहन फाउंडेशन की तरफ से किडनी ट्रांसप्लांट की दोनों नर्स प्रीति और सुषमा की ट्रेनिंग प्रयागराज और लखनऊ के एसजीपीजीआई में कराई गई थी। किडनी ट्रांसप्लांट के दौरान मरीज और दानदाता को मिलाकर करीब पांच लाख रुपये का खर्च आता है। गुर्दा प्रत्यर्पण कमेटी की मंजूरी मिलने के बाद परिवार में धन की व्यवस्था की। इसके बाद प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू हुई।

## लाइफ मंत्र

### इस राम नवमी घर जरूर लाएं ये 5 शुभ वस्तुएं, खुलेंगे तरक्की के रास्ते

राम नवमी का पावन पर्व इस वर्ष 27 मार्च 2026 को मनाया जाएगा। यह दिन भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में पूरे देश में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन पूजा-अर्चना के साथ कुछ विशेष वस्तुओं को घर लाना बेहद शुभ माना जाता है। ऐसा करने से न केवल वास्तु दोष दूर होते हैं, बल्कि घर में सुख-समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी होता है। आइए जानते हैं राम नवमी के दिन किन 5 चीजों को घर लाना आपके लिए लाभकारी हो सकता है।



**तुलसी का पौधा लाएं घर**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विष्णु को तुलसी अत्यंत प्रिय है और भगवान श्रीराम को उनका अवतार माना जाता है। ऐसे में राम नवमी के दिन घर में तुलसी का पौधा लाना बेहद शुभ माना जाता है। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा आती है और वास्तु दोष दूर होते हैं। साथ ही परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।

**शंख घर में लाना शुभ**

राम नवमी के दिन शंख घर लाना और पूजा के समय शंखनाद करना अत्यंत फलदायी माना जाता है। शंखनाद से नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है और घर में पवित्रता का वातावरण बनता है। मान्यता है कि इससे माता लक्ष्मी का भी आगमन होता है और आर्थिक स्थिति मजबूत होती है।

**राम दरबार की तस्वीर या मूर्ति**

राम नवमी के अवसर पर भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की संयुक्त तस्वीर या प्रतिमा यानी राम दरबार घर लाना बेहद शुभ माना जाता है। इससे परिवार में प्रेम, एकता और सामंजस्य बढ़ता है। घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है।

**श्रीराम यंत्र की स्थापना**

राम नवमी के दिन श्रीराम यंत्र घर में स्थापित करना भी विशेष लाभकारी माना गया है। यह यंत्र घर को बुरी नजर और नकारात्मक शक्तियों से बचाता है। परिवार के सदस्यों के बीच तालमेल और शांति बनाए रखने में मदद करता है। जीवन की कठिनाइयों को दूर करने में सहायक माना जाता है।

**चांदी का सिक्का**

राम नवमी के दिन चांदी का सिक्का खरीदकर उसे पूजा में अर्पित करना बेहद शुभ माना जाता है। इससे भगवान श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त होता है। कुंडली में मौजूद चंद्र दोष को दूर करने में मदद मिलती है। आर्थिक समृद्धि और स्थिरता आती है।

**धार्मिक महत्व और निष्कर्ष**

राम नवमी का पर्व केवल भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दिन धर्म, मर्यादा और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक भी है। इस दिन सही विधि से पूजा करने और शुभ वस्तुओं को घर लाने से वास्तु दोष दूर होते हैं। घर में सुख-समृद्धि आती है। पारिवारिक जीवन में खुशहाली बढ़ती है इसलिए इस राम नवमी पर इन 5 चीजों को घर लाकर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

# अनुशासन से आई चुस्ती (बाल कहानी)



शेखू मेहनती व होशियार लड़का था। स्कूल में भाषण प्रतियोगिता होनी थी। पुरस्कारों में महंगे उपहार मिलने थे। सब विद्यार्थी उत्साहित थे। अपने अध्यापक के कहने पर शेखू ने भी प्रतियोगिता में नाम लिखवा दिया। पापा की मदद से उसने अच्छी प्रभावशाली शब्दावली वाला भाषण तैयार कर लिया। शेखू को कई साल तक यह पता नहीं था कि उसका नाम ऐतिहासिक है। बचपन से उसे राजकुमारों की तरह एक टांग मोड़कर उस पर दूसरी टांग टिकाकर हाथ में दूध की बोतल पकड़कर आराम से दूध पीने की आदत रही। धीरे धीरे बड़ा हुआ तो उसकी आदतों में आलस शुमार होने लगा। स्कूल में सहपाठियों ने उसके नाम का अर्थ पूछा तो उसे पता नहीं था। उसने अपने पापा से पूछा तो बताया कि तुम्हारा नाम महान कहे जाने वाले मुगल सम्राट अकबर के बेटे सलीम के नाम पर है। सलीम को घर में प्यार से शेखू पुकारा जाता था। शेखू यह सुनकर बहुत खुश हुआ और उसके दोस्त बोले, क्या नाम है तुम्हारा वाह! शेखू मेहनती व होशियार लड़का था। स्कूल में भाषण प्रतियोगिता होनी थी। पुरस्कारों में महंगे उपहार मिलने थे। सब विद्यार्थी उत्साहित थे। अपने अध्यापक के कहने पर शेखू ने भी प्रतियोगिता में नाम लिखवा दिया। पापा की मदद से उसने अच्छी प्रभावशाली शब्दावली वाला भाषण तैयार कर लिया। उधर दूसरे प्रतियोगी भी तैयारी में जुटे थे सबकी नज़र बढ़िया पुरस्कारों पर थी। पापा ने समझाया कि तुम अपना भाषण निश्चित समय में खत्म करने के लिए सही स्पीड से बोलना। प्रतियोगिता के दिन वह अच्छी तैयारी करकर आया था। उसके बोलने के तरीके व सही उच्चारण की सभी ने तारीफ़ की। खूब तालियाँ बटोरीं उसने पर एक गड़बड़ कर दी। भाषण धीमी रफ़्तार से दिया तभी उसे निश्चित अवधि से ज्यादा समय लग गया। मुख्य निर्णायक ने निर्णय सुनाने से पहले कहा कि शेखू की प्रस्तुति सर्वोत्तम थी उसे प्रथम पुरस्कार मिलता यदि उसने अपना बढ़िया भाषण निश्चित समय में पूरा कर लिया होता। उसे दूसरा पुरुस्कार मिला। शेखू जब घर लौटा तो उसके दिमाग में पहली बार कुछ चल रहा था। उसने मम्मी पापा को बताया तो उन्होंने अगली बार चुस्ती से प्रयास करने को प्रेरित किया। अपने कमरे में जाकर आँखें मीचकर वह कुछ देर अकेला बैठा रहा फिर एक कागज़ पर बार बार कुछ लिखता रहा। कुछ देर बाद उसके पापा ने आकर उसे प्यार से समझाया कि यूं उदास हो जाने से कुछ नहीं होगा। घबराओ मत यह तो आपके जीवन की पहली प्रतियोगिता थी। अभी तो तुमने सैकड़ों प्रतियोगिताओं में शामिल होना है। जीवन एक प्रतियोगिता है जिसमें जीत हार तो चलती रहती है। तुम्हें अपने आप से वायदा करना है कि तुम सुस्ती छोड़ दोगे और अपने सभी प्रयास पूरी मेहनत, निश्चित समय में तत्परता से करोगे। शेखू ने नीची नज़र कर वह कागज़ पापा को थमा दिया था। जिस पर सुन्दर शब्दों में सौ बार लिखा हुआ था, पापा अब मैं सुस्ती नहीं करूंगा। उसकी आँखों में निश्चय की चमक थी वह बदल चुका था। पापा ने उसे एक घड़ी उपहार में दी और कहा यह लो कल से अलार्म लगाकर उठना और अपना वादा निभाना। अगली सुबह सचमुच अच्छी रही शेखू ने अलार्म बजते ही बिस्तर छोड़ दिया था और कुछ देर व्यायाम के बाद पढ़ने बैठ गया था। उसके जीवन में चुस्ती प्रवेश कर चुकी थी।




# असली प्रदूषण और नकली बुद्धि (व्यंग्य)

**अब यह सवाल खिल उठा है कि जब प्राचीन बुद्धि, प्रदूषण को उचित तरीके से निबटाने में फेल हो गई तो नकली क्या करेगी। हो सकता है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटेलिजेंट आर्टिस्ट की तरह महसूस करवाए और एयर क्वालिटी इंटेलिजेंस और प्रदूषण नियंत्रण के समाधानों को लागू करवा दे।**

असली चीजों और भावनाओं के आराम के दिन आ गए हैं। ऐसे अच्छे दिन पहले आ गए होते तो कई तरह की बचत हो जाती। चलो कोई बात नहीं, देर आए दरुस्त आए। यह तो दिल और दिमाग से महसूस किए जाने वाले सम्मान की बात है कि पुराना जिद्दी प्रदूषण कम करने के लिए नई बुद्धि, नए रास्ते खोज रही है। कृत्रिम बुद्धि का भावार्थ ही नई बुद्धि लिया जा रहा है। अब यह सवाल खिल उठा है कि जब प्राचीन बुद्धि, प्रदूषण को उचित तरीके से निबटाने में फेल हो गई तो नकली क्या करेगी। हो सकता है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटेलिजेंट आर्टिस्ट की तरह महसूस करवाए और एयर क्वालिटी इंटेलिजेंस और प्रदूषण नियंत्रण के समाधानों को लागू करवा दे। बेचारी असली नैसर्गिक इंसानी बुद्धि को, अपने ही फैलाए प्रदूषण से परेशान होते ज़माना हो गया। दूसरा कोई स्वादिष्ट सामाजिक चारा नहीं बचा जिसे खाकर नया ज्ञान प्राप्त किया जाए और प्रदूषण को थाम लिया जाए। इसलिए इस संभावना को स्वीकार करना होगा कि कृत्रिम बुद्धि, असली प्रदूषण को अवश्य काबू में कर कर छोड़ेगी। अधिकांश बुद्धिजीवियों, अबुद्धिजीवियों, समाज सेवियों, असमाज सेवियों, राजनीतिक नेताओं, राजनीतिक अभिनेताओं, पर्यावरण विद्वानों और पर्यावरण चर्चा और खर्चा से सामाजिक महत्त्व प्राप्त करने वाले महानुभावों को स्पष्ट रूप से पता है कि इंसानी दिमाग में पकाए तौर तरीके, सरकारी उपाय, सख्त अनुशासन, ईमानदार और पारदर्शी प्रयास वगैरा सब बुरी तरह थककर, आराम घर में घुस गए हैं। असली बुद्धि असफल हो जाए तो ज़ाहिर है नकली बुद्धि का ही सहारा लेना पड़ेगा। अब उसके परिणामों और फायदों का मज़ा लेने का मौसम आया है। असली बुद्धि की नदी से निकले जानदार, ताक़तवर, शानदार और समझदार उपायों के चमकीले पत्थर तो कब से प्रयोग हो रहे हैं। ज़िंदगी में तो कब से दर्जनों नकली चीज़ों की बहार है। इसलिए भी मान सकते हैं कि नकली बुद्धि, असली से बेहतर काम करेगी। प्रदूषण का रियल टाइम डाटा उपलब्ध कराएगी। स्रोतों की सटीक पहचान करेगी जिससे उन जगहों की सूक्ष्म स्तर पर पहचान हो पाए। फिर उसके प्रभाव का वैज्ञानिक आकलन आसान हो सकेगा और लक्ष्य आधारित और समयबद्ध कार्रवाई सुझाई जा सकेगी। वास्तविक और व्यावहारिक कार्रवाई तो इंसानजी ही करेंगे या करवाएंगे जिसमें वह पूरी तरह माहिर हैं। इतिहास झूठ बोलता है कि सरकारी एजेंसियां कभी समन्वय आधारित कार्रवाई नहीं कर पाती। यह तो हमारी स्थापित लोकतान्त्रिक, चारित्रिक और सांस्कृतिक परम्परा है कि नए प्रयोगों को आत्मसात किया जाए। अब उसी योजना के तहत नकली बुद्धि आधारित मॉडल से पूछेंगे कि नगर निगम, जिला प्रशासन, प्रवर्तन एजेंसियां, तकनीकी संस्थान और इंसान ने नैसर्गिक बुद्धि का प्रयोग कर, उचित प्लेटफार्म पर काम का अभिनय और वास्तविक अमल कितना किया। दिलचस्प है कृत्रिम बुद्धि सभी संस्थाओं की ज़िम्मेदारी तय करेगी और सदियों से इंसानी दिमाग में रह रही अक्ल उसे आदेश मानकर संभवत कार्रवाई भी करेगी। यह होगा। 'संभव' शब्द ज़िंदगी में आ ही जाता है। जब महाभारत में अनेक किंतु, परन्तु और कदाचित वगैरा आ सकते हैं तो भारत में भी आ ही सकते हैं। अलग अलग मोर्चों पर कार्रवाई करना वास्तव में मुश्किल होता है, शक्ति विभाजित हो जाती है। इसलिए अब एक साथ, बहुत ज़्यादा असली, प्रभाव पैदा करने वाली सख्त, कृत्रिम कार्रवाई की जा रही है। प्रदूषण फैलाने वाले, असली, चालाक और स्वार्थी बुद्धि वालों की नींद उड़ गई है। ऐसा अभी माना जा रहा है लेकिन सिर्फ माने जाने से क्या होता है जी। अभी तो असली बुद्धि और भावनाओं के आराम के दिन शुरू हुए हैं।

कुछ अमानवीय सा कार्य

# स्वर्ग के लिए



यह कितनी बेहतर सुविधा है कि दुनिया में सभी के अपने अपने स्वर्ग और अपने अपने नरक हैं। नरक जाने से सब घबराते हैं, कोई नहीं जाना चाहता। जिन लोगों के पास ताक़त का भंडार है और जेब में पैसा वे तो दुनिया में जीते जी अमर होना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि यहीं पर स्वर्ग का अनुभव लिया जाए।

उस अनदेखे स्वर्ग में जाने को सब लालायित हैं और जो स्वर्ग जैसी दुनिया सामने है उसे नरक बना देने की ज़िद है। बिना खुद मरे तो वहां जा नहीं सकते लेकिन कभी अपने खुद से मिलने के बाद घमंड और आत्मप्रशंसा छोड़कर ऐसे लोगों द्वारा भी स्वर्ग ही जाने की इच्छा जताई जाती है जिनके कारनामों ने पृथ्वी रुपी स्वर्ग को भी नरक बनाने में पूरा सहयोग दिया। उनके किए धरे के साथ तो नरक का वातावरण ही मेल खाता है। उनका आत्म विश्वास समझाता है कि कुछ देर बात न कर, चिंतन कर, शांत रहकर ही स्वर्ग मिल सकता है। कितना आसान रास्ता है। बढ़ती उम्र के लोग तो ऐसा सोच ही सकते हैं। अनेक लोग ज़िंदगी के बाद भी संभावनाएं मानते हैं और उनके बारे में अधिकार से बात करते हैं। पूजा स्थल बनवाते और मूर्तियां लगवाते हैं। पूजा पाठ, उपदेश, कथाएं और भंडारे करवाते हैं। इस माध्यम से वे दुनियावी यश अर्जित करते हैं। यह कितनी बेहतर सुविधा है कि दुनिया में सभी के अपने अपने स्वर्ग और अपने अपने नरक हैं।

नरक जाने से सब घबराते हैं, कोई नहीं जाना चाहता। जिन लोगों के पास ताक़त का भंडार है और जेब में पैसा वे तो दुनिया में जीते जी अमर होना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि यहीं पर स्वर्ग का अनुभव लिया जाए। वे अपनी अमरता की चाह में बंधे, स्मारक जैसी ईमारतों में खूबसूरत मेहराबें बनवाते हैं, छतों पर फानूस लटकवाते हैं। संगमरमर के ऊंचे विशाल द्वार सजाते हैं। अपने चेहरे वाले सिक्के चलवाते हैं। उन्हें लगता है मानो स्वर्ग का रास्ता तैयार करवाते हैं।

इस रास्ते के अड़ोस पड़ोस में स्थित जंगल भी उनका निजी ही होता है। वहां की हरियाली पर उनका अधिकार होता है। वहां वे सदनाम के कई प्रयोग करते हैं। युद्ध करवाने के लिए शांति में डूबी योजनाएं रचवाते हैं। चरित्रहीन, भ्रष्टाचारी, असामाजिक, धोखेबाज़ सभी को माफ़ कर अपने साथ रखते हैं क्यूंकि वे भी स्वर्ग ही जाना चाहते हैं। उन सबको नरक शब्द से नफरत होती है हालांकि उन्होंने धरती नामक स्वर्ग में नरक ही जिया होता है। स्वर्ग को अपना भविष्य मानते हुए शायद वे पाप कहे जाने वाले अपने कृत्यों पर पछताते हैं।

सार्वजनिक स्तर पर उनके पछताने की ज़रूरत नहीं होती क्यूंकि उनकी तो ईश्वर से सीधे डील करने की तमन्ना होती है। उन्हें पता होता है कि ईश्वर के साथ न तो झगड़ा कर सकते हैं न उन्हें धमका सकते हैं और न ही उन पर हमला करवा सकते हैं।

वे सबसे मानवीय और सुरक्षित यही तरीका अपनाते हैं कि खुद को धामिक बताएं, पूजास्थल बनवाएं। पूजास्थल जाकर, पूजा पाठ करवाकर, दान देकर भगवान् से कभी माफी नहीं मांगते बल्कि आशीर्वाद लेकर आते हैं। सोशल मीडिया और अखबारों में छपवाते हैं कि पूजास्थल जाकर आशीर्वाद लिया। उनके परिवार वाले भी उन्हें पूरा सहयोग करते हैं। यह उनका नैतिक कर्तव्य होता है। किसी दूसरे को लगे न लगे, अपने आप यह महसूस कर लें कि जीवन जीते समय, स्वर्गिक अनुभव और भविष्य में स्वर्ग प्राप्त करने के लिए अच्छा काम किया जा रहा है। कोई माने न माने, स्वर्ग के लिए कुछ करना अच्छा काम ही है।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF.: SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682






बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पुरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170